# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 15.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना मुगलपुराः-**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.09.2024 को उ0नि0 ओमशुक्ला थाना मुगलपुरा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सुभाष कश्यप पुत्र मलखान सिंह निवासी लालबाग थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को 80 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-239/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



## 2. थाना कांठ पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 14.09.2024 की रात्रि में उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी फाजिल पुत्र अय्यूब निवासी मौ0 कुरैशियान थाना कोतवाली शहर अमरोहा जनपद अमरोहा को चोरी की एक मोटरसाईकिल सुपर स्पेलेण्डर नं0- UP21 BQ 8894 तथा अवैध एक तमंचा व 02 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 365/2024 धारा- 317(2) /317(4) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 35/106 बीएनएसएस पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

1- मु0अ0सं0 272/2022 धारा 380/511 भादवि थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा।
2- मु0असं0 293/2022 धारा 380/411 भादवि थाना अमरोहा नगर जिला अमरोहा।
3- मु0अ0सं0 498/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना अमरोहा नगर जिला अमरोहा।

### 3. दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार थाना छजलैटः-

अवगत कराना है कि दिनांक 13.09.2024 को वादिनी निवासी थाना छजलैट क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करना तथा विरोध करने पर गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना छजलैट पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 193/2024 धारा- 64/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 15.09.2024 को उ0नि0 ईसार अहमद थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त कामिल पुत्र छिद्दा निवासी ग्राम सराय खजूर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।



**4- फर्म(कम्पनी) से चाँदी चोरी करने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

अवगत कराना है दिनांक 14.08.2024 को वादी श्री गौरव ओहरी पुत्र स्वः श्री सुभाष चन्द्र ओहरी निवासी-रॉयल ग्रीन एनक्लेव दिल्ली रोड थाना मंझौला जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी की कम्पनी इंमेजेस इंक नाम की फर्म से 240 ग्राम चांदी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-525/2024 धारा-306 बीएनएस पंजीकृत किया गया । उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही/साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 15-09-2024 को उ0नि0 प्रबोध कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त अनुराग सिंह पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश निवासी गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा आरोपीगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का सामान 240 ग्राम चांदी को बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।



**5- अवैध चरस व स्मैक के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना सिविल लाईन्स-**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.09.2024 को उ0नि0 देवेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सतपाल उर्फ भंडारा पुत्र प्रदीप निवासी आदर्श कालोनी मुरादाबाद थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को 250 ग्राम अवैध चरस के साथ तथा उ0नि0 अरूण वर्मा थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फुरकान उर्फ छोटेवाला पुत्र इसरार निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद को 12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पर आरोपी सतपाल उर्फ भंडारा उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-805/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा आरोपी फुरकान उर्फ छोटेवाला उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-806/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।





**6- दहेज के लिये जहरीला पदार्थ देकर हत्या कर देने 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है दिनांक 14.08.2024 को वादी निवासी थाना कुन्दरकी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगणो द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिये प्रताडित कर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाना व हालात गंभीर होने पर अस्पताल ले जाना, जहाँ पर वादी की पुत्री की मृत्यु हो जाने के संबंध मे तहरीर दी । तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-322/2024 धारा-85/80/123 बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही/साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 15-09-2024 को प्र0नि0 श्री किरनपाल सिंह थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी 1. सद्दाम हुसैन पुत्र अब्बास हुसैन 2. हुकुमत पत्नी अब्बास हुसैन निवासीगण ग्राम लालपुर गंगवारी मिलक थाना मैनाठेर जपनद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।



उत्तर प्रदेश पुलिस

## 7- थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने का 01 आरोपी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध / अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व कानून/शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.09.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार द्वारा मय हमराही पुलिस बल के शान्ति भंग कर रहे आरोपी ओमप्रकाश उर्फ आकाश पुत्र रिंकु सैनी निवासी महबुल्लागंज थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

